RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com  Bharat samman  Bharat Samman

हो जाओ सावधान

वर्ष-14 अंक-03 — अम्बिकापुर, मंगलवार, 09 अप्रैल 2024 — कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.



# जिला बदर कार्यवाही


## 26 मार्च 2024 सरगुजा

## जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन की जी तोड़ मेहनत आखिर रंग लाई

**छत्तीसगढ़ की साथापाना 01/11/2000 को हुई, पूरे 23 वर्ष के इतिहास में पहली बार पत्रकारिता पर हथौड़ा चलाते हुए किसी पत्रकार को जिला बदर की कार्यवाही का सामना करना पड़ा है।**

एक तरफ छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णु देव साय पत्रकारों को न्याय दिलाने की बात करते हैं, दूसरी ओर उन्ही के सरकारी अफसर उनके मंसूबे को नाकामयाब करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, आखिर किसके इशारे पर, यह मान लिया जाए की सत्ता बदल गई पर सरकार आज भी कांग्रेस के इशारे पर चल रही है।



रामदास आठवले
RAMDAS ATHAWALE

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

DO No:VIP/MOS-SJE(RA)/2024/ 3036A

February 07th 2024

Dear Shri Vishnu ji

Kindly find enclosed a copy of representation, which speaks for itself, dated the 19th December, 2023 from Shri Vijay Prasad Gupta, National Secretary, RPI, 26, Viveka Nand Colony, Jashpur, Chattisgarh regarding the attacks on journalists of Chattisgarh and fake FIR made. The ten names & their mobile numbers of journalists are mentioned in their letter also.


I shall be grateful if you could kindly advise the concerned official to take necessary action in this regard.

With kind regards,

Yours sincerely,

(RAMDAS ATHAWALE)

Shri Vishnu Deo Sai
Chief Minister, Chattisgarh
Government of Chattisgarh
CM Secretariat, Mantralaya
Raipur -492001



रामदास आठवले
RAMDAS ATHAWALE

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

अ.प.3036.वी.आई.पी./एमओएस(एसजेई)आरए/2024
07 फ़रवरी, 2024

प्रिय श्री विजय जी,

कृपया इस पत्र के साथ श्री विजय प्रसाद गुप्ता, "राष्ट्रीय सचिव" आर.पी.आई. (आठवले) एवं अभिषेक वर्मा, "छत्तीशगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष" आर. पी. आई. (आठवले), का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसका मूल प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

श्री विजय प्रसाद गुप्ता के अनुसार छत्तीसगढ़ के पत्रकारों में सरगुजा से श्री जितेंद्र कुमार जायसवाल तथा रायपुर के सुनील नामदेव पर झूठे मुकद्में एवं इनकी जान को खतरा भी है, जितेंद्र कुमार जायसवाल पर 11 झूठे मुकदमें एवं न्यायिक अभिरक्षा में जानलेवा हमला सहित जमानत से छूट के आने के बाद भी जानलेवा हमला हो चुका है। लेकिन पुलिस ने किसी भी जानलेवा हमले में एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

इन्होंने संलग्न पत्रकारों की सूची को ध्यान में रखकर इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही इनके विरुद्ध दर्ज सुनियोजित प्रकरणों पर उच्च स्तरीय जाँच हेतु समिति गठित करवाने का निवेदन किया है। पत्र स्वतः स्पष्ट वर्णित है।

उक्त के आलोक में नियमानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करे तथा अवगत कराये।


सादर ।

आपका
(रामदास आठवले)

श्री विजय शर्मा
माननीय गृह राज्य, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ सरकार,
सिविल लाइन रायपुर,
छत्तीसगढ़ - 492001

सबका साथ, सबका विकास    सबका विश्वास, सबका प्रयास

Room No.: 101, 'C' Wing, Shastri Bhawan, Dr Rajender Prasad Road, New Delhi-110001, Tel.: 011-23381656, 23381657, Fax: 011-23381669



रामदास आठवले
RAMDAS ATHAWALE

सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
भारत सरकार
MINISTER OF STATE FOR
SOCIAL JUSTICE & EMPOWERMENT
GOVERNMENT OF INDIA

अ.प.2868.वी.आई.पी./एमओएस(एसजेई)आरए/2024
31th जनवरी, 2024

प्रिय श्री विष्णु जी,

कृपया इस पत्र के साथ श्री विजय प्रसाद गुप्ता का पत्र प्राप्त हुआ है, जिसका मूल प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया जा रहा है।

श्री विजय प्रसाद गुप्ता के अनुसार छत्तीसगढ़ के क्रांतिकारी पत्रकारों में से सर्गज से जितेंद्र कुमार जायसवाल तथा रायपुर के सुनील नामदेव पर झूठे मुकद्में एवं इनकी जान को खतरा भी है, जितेंद्र कुमार जायसवाल पर 11 झूठे मुकदमें एवं न्यायिक अभिरक्षा में जानलेवा हमला सहित जमानत से छूट के आने के बाद भी जानलेवा हमला हो चुका है। लेकिन पुलिस ने किसी भी जानलेवा हमले में एफआईआर दर्ज नहीं किया है।

इन्होंने संलग्न पत्रकारों की सूची को ध्यान में रखकर इन्हें सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही इनके विरुद्ध दर्ज सुनियोजित प्रकरणों पर उच्च स्तरीय जाँच हेतु समिति गठित करवाने का निवेदन किया है। पत्र स्वतः स्पष्ट वर्णित है।

उक्त के आलोक में नियमानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करे तथा अवगत कराये।

सादर ।

आपका
(रामदास आठवले)

श्री विष्णु देव साई
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ सरकार,
सिविल लाइन रायपुर,
छत्तीसगढ़ - 492001

सबका साथ, सबका विकास    सबका विश्वास, सबका प्रयास

Room No.: 101, 'C' Wing, Shastri Bhawan, Dr Rajender Prasad Road, New Delhi-110001, Tel.: 011-23381656, 23381657, Fax: 011-23381669



## संपादकीय

### दलों के मुखियाओं को सख्ती बरतनी चाहिए

कलकत्ता उच्च न्यायालय का यह कथन बिल्कुल उचित है कि, संदेशखालि में यदि यौन उत्पीड़न की एक प्रतिशत आरोप सही पाए गए तो यह बेहद शर्मनाक स्थिति होगी। यौन उत्पीड़न के कथित पीड़ितों के लगभग सौ हलफनामे इसमें शामिल हैं। इसमें जमीन कब्जा के मामले व हिंसा की घटनाएं भी हैं। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने कहा पूरा जिला प्रशासन और सत्तारूढ़ शासन को जिम्मेदारी निभानी होगी। सौ प्रतिशत जिम्मेदारी निभानी होगी। संदेशखालि में निलंबित तृणमूल नेता शाहजहां शेख व उसके सहयोगियों पर स्थानीय लोगों की जमीनें हड़पने व महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। इस पर एक याचिकाकर्ता वकील ने इस घटना की जांच किसी स्वतंत्र एजंसी से कराने की मांग अदालत से की। जिस पर पश्चिम बंगाल के महाधिवक्ता ने विरोध करते हुए दावा किया कि केंद्रीय एजंसियों ने भरोसा खो दिया है। पशिचम बंगाल के कूचविहार में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संदेशखालि की घटनाओं का जिक्र करते हुए आासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। इस दरम्यान ईडी ने शेख के बैंक खातों समेत उसके स्वामित्व वाले व्यवसायों से जुड़े खातों को फ्रीज करना चालू कर दिया है। पीड़िताओं ने दिल दहलाने वाली आपबीती सुनाई। उन्हें मजदूरी की आड़ में बुलाया जाता था, परंतु युवा व आकषर्क महिलाओं को मनोरंजन के नाम पर जबरन रोक लिया जाता था। उनके साथ मारपीट होती व अन्य तरीकों से उन्हें प्रताड़ित किया जाता। हालांकि स्थानीय नेता व ममता बनर्जी के करीबी इसे शुरुआत से ही बंगाल विरोधी प्रचार बता रहे हैं, परंतु यह सिर्फ भाजपा या सीपीएम के दुष्प्रचार का नतीजा नहीं कहा जा सकता। घटना को लेकर राज्य सरकार के भीतर शंका न होती तो वह आनन-फानन शेख को निलंबित करने से हिचकती। ऐसा नहीं कहा जा सकता कि नेतागीरी की आड़ में यह दबंगई केवल बंगाल में ही हो रही है। वास्तव में इस तरह का अत्याचार राजनीति की छतछाया में देश भर में होता रहता है। जिस में जमीनों के कब्जे व बेवजह आम जनता का उत्पीड़न शामिल है। यह गंभीर समस्या है, इस पर दलों के मुखियाओं को सख्ती बरतनी चाहिए और ऐसी हरकतें करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर उदाहरण पेश करना चाहिए।

# आस्था के दीपो से जगमगाने तैयार है डोंगरगढ़, इस बार माता को चढ़ेगा सोने का मुकुट

## ऑस्ट्रेलिया और यूएसए के भक्तों ने माता की ज्योत की प्रज्वलित






**डोंगरगढ़।** देश भर में नवरात्र को लेकर भक्तिमय माहौल बना हुआ है चारो ओर माता के भक्त उत्सव की तैयारी में लगे हैं. पश्चिमी छत्तीसगढ़ के छोर में घने जंगलों और ऊँची-ऊँची पहाड़ियो के बीच माता बमलेश्वरी का धाम डोंगरगढ़ बसा है. डोंगरगढ़ देश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में से एक है, यहाँ आदिशक्ति माता बगलामुखी को समर्पित दो मंदिर हैं, एक 1600 फीट की ऊँचाई पर पहाड़ में तो दूसरा मंदिर नीचे समतल ज़मीन पर स्थित है. दोनों ही मंदिरों में माता बमलेश्वरी की आराधना की जाती है।

यहाँ वर्ष भर श्रद्धालु माता के दर्शनों को पहुचते हैं और यह संख्या साल के दोनो नवरात्रों में लाखों तक पहुँच जाती है. नगरपालिका, पुलिस प्रशासन , मंदिर ट्रस्ट समिति, ज़िला प्रशासन और रेल विभाग के साथ ही डोंगरगढ़ के तमाम सरकारी विभाग संयुक्त रूप से वर्ष के दो नवरात्रों की ज़िम्मेदारी निभाते हैं. इसमें श्रद्धालुओं के आने जाने रहने खाने के साथ ही सुरक्षा और कड़ी बंदोबस्ती करना बड़ी चुनौती होती है, लेकिन कई दशकों से अनवरत चली आ रही इस परंपरा का सकुशल निर्वाह होता है. इसबार चैत्र नवरात्र की शुरुवात 9 अप्रैल, मंगलवार से हो रही है. नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। लभर में कुल 4 नवरात्रि आती हैं जिसमें चैत्र और शारदीय नवरात्रि का महत्व काफी ज्यादा होता है. माना जाता है कि नवरात्रि में माता की पूजा-अर्चना करने से देवी दुर्गा की खास कृपा होती है. मां दुर्गा की सवारी वैसे तो शेर है लेकिन जब वह धरती पर आती हैं तो उनकी सवारी बदल जाती है और इस बार मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर धरती पर आएंगी. डोंगरगढ़ में भी नवरात्र उत्सव की तैयारियाँ पूर्णता की ओर आ गई हैं. बमलेश्वरी माता के दोनों ही मंदिर रंगबिरंगी लाइट की झालरों और फुलो से सज चुकें हैं, मंदिर की सजावट श्रद्धालुओं का मन मोह रही है. डोंगरगढ़ की पहाड़ी पर मां बम्लेश्वरी का मंदिर विश्व विख्यात आस्था का केंद्र है. यहां की पहाड़ी पर 1600 फिट की ऊंचाई पर पहला मंदिर बड़ी बम्लेश्वरी के नाम से जाना जाता है. यहां पर मां के दर्शन के लिए करीब 1000 सीढ़ियां चढ़नी होती है. बड़ी बम्लेश्वरी के समतल पर ही छोटी बम्लेश्वरी देवी मंदिर स्थित है. नवरात्रि में यहां हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं. इस दौरान यहां भव्य मेले का आयोजन होता है।

डोंगरगढ़ में साल के दोनों नवरात्र में भव्य मेला लगता है. माता के दर्शनों के लिए लाखों की संख्या में दर्शनार्थी पहुंचते हैं. यहां दर्शन करने प्रदेश के अलावा दूसरे प्रदेश के भी दर्शनार्थी हर साल माता के दरबार में पहुंचते हैं. डोंगरगढ़ में पहाड़ी मंदिर तक पहुंचने के लिए सुव्यवस्थित सीढ़िया तो बनाई ही गई है. लेकिन दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए रोपवे भी बनाया गया है. मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित ये रोपवे नवरात्रि के दौरान पूरे नौ दिनों तक दिन रात चालू रहता है. सीढ़ियों पर भी दर्शनार्थियों के लिए पेय जल विश्राम गृह जैसी तमाम व्यवस्थाएँ रहती है. भीड़ को देखते हुए नवरात्र में दिन रात लगातार मंदिर का पट माता के दर्शन हेतु खुला रहता है. मेला व्यवस्था के लिए हज़ारो की संख्या में सुरक्षा बलों के जवानों की तैनाती भी जाती है।

### नवरात्रि पर कई सुपरफ़ास्ट ट्रेनों के स्टॉपेज

डोंगरगढ़ आने वाले यात्रियों के लिए रेल विभाग की ओर से कई सुपरफ़ास्ट ट्रेनों के स्टॉपेज़ के साथ मेला स्पेशल ट्रेनों का भी संचालन किया जाता है. लोगो का मानना है यहाँ उनकी सारी मनोकामनाये माता बमलेश्वरी के दर्शन मात्र से पूरी हो जाती हैं इसलिए यहाँ वर्ष प्रति वर्ष डोंगरगढ़ पहुँचने वाले भक्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है. इस वर्ष नवरात्रि पर्व में 8500 आस्था के दीप बड़ी मां बमलेश्वरी के दरबार में और 900 ज्योति कलश नीचे छोटी मां बमलेश्वरी माता के दरबार में जलाये जाएँगे। माता के दरबार में आस्था के दीप जलाने देश सहित विदेश से भी लोग डोंगरगढ़ आते हैं. इस बार ऑस्ट्रेलिया यूएसए के भक्तों ने भी माता की ज्योत प्रज्वलित की है इनके अलावा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव, बृजमोहन अग्रवाल विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, ने भी मां बमलेश्वरी के दरबार में ज्योति कलश प्रज्वलित कराए हैं. इस नवरात्र मां बमलेश्वरी को सोने का मुकुट चढ़ाया जा रहा है. अब माता बमलेश्वरी का दर्शन सोने के सिहासन और स्वर्ण मंडित गर्भ गृह के साथ मनमोहक स्वर्ण मुकुट से और भी ज़्यादा मोहक लगेगा.

# शराब घोटाला मामले में ईडी को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की कार्रवाई

## कहा- मनी लांड्रिंग के पर्याप्त सबूत नहीं



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ईडी की कार्रवाई को गलत ठहराया है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय के पास शराब घोटाला मामले में मनी लांड्रिंग के पर्याप्त सबूत नहीं है इसलिए इस संबंध में दायर याचिका को खारिज किया जाता है। ईडी के ही प्रतिवेदन पर राज्य सरकार की एसीबी ने शराब घोटाला मामले में एफ़आईआर दर्ज किया है और अरविंद सिंह और अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया है. सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जवल भुईयां की पीठ ने शराब घोटाला मामले में ईडी की ईसीआईआर के खिलाफ पेश याचिकाओं की सुनवाई करते हुए कहा, इस मामले में अपराध से कोई प्राप्त आय ही नहीं है तो मनी लॉड्रिंग भी नहीं है. आपके पास कोई शेड्यूल अफेंस नहीं है हम आपके केस को रद्द करते हैं. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब तक ईडी की ओर से शराब घोटाला मामले में कोई नई ईसीआईआर दर्ज नहीं किया है. वहीं एसीबी की रिमांड को लेकर एसीबी की विशेष अदालत में बहस जारी है. बता दें कि कोर्ट ने आज शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर और अरविंद सिंह को 12 अप्रैल तक एसीबी की रिमांड पर भेजा है.




## केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले 12 अप्रैल से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, असम और राजस्थान का दौरा करेंगे

**भारत सम्मान/रायपुर।** रामदास अठावले बीजेपी एनडीए उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया आठवले के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले 12 अप्रैल से छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान दौरे पर मुंबई से रवाना होंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले एनडीए के घटक दल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया के प्रमुख के तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर एनडीए के स्टार प्रचारक बनाये गए हैं। देश के सभी राज्यों में बीजेपी उम्मीदवार अपने प्रचार के लिए रामदास अठावले की सभाएं आयोजित करा रहे हैं। रामदास अठावले दलित-बहुजनों के लोकप्रिय राष्ट्रीय नेता हैं और पूरे देश में उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। RPI आठवले के सुप्रीमों रामदास आठवले प्रेस वार्ता भी आयोजित करेंगे प्रेस वार्ता मे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन के सभी प्रचार प्रमुख शामिल रहेंगे। छत्तीसगढ़ मे होने वाले लोकसभा के 3 चरणों के चुनावी सभा में लगातार छत्तीसगढ़ के बीजेपी उम्मीदवारों लिए प्रचार कर अपना पूरा योगदान देंगे एवं बीजेपी को मजबूती प्रदान करेंगे,प्रदेश के RPI आठवले के कार्यकर्त्ता एवं पदाधिकारियों को बूथ स्तर तक की जिम्मेदारी सौपेंगे।



## कोल व्यवसायी को हाईकोर्ट से झटका, दूसरी बार जमानत याचिका हुई खारिज

**बिलासपुर।** कोयला घोटाला मामले में आरोपी कोल व्यवसायी, कोल वाशरी संचालक सुनील अग्रवाल की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है. सुनील अग्रवाल की जमानत याचिका हाईकोर्ट ने दूसरी बार खारिज की है. जस्टिस एन के व्यास की कोर्ट ने सुनील अग्रवाल की जमानत याचिका पर फैसले करीब एक महीने से रिजर्व था। बता दें कि कोयला परिवहन में 25 रुपये टन की लेवी वसूली मामले में ईडी ने इंद्रमणि कोल के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल को 11 अक्टूबर 2022 को गिरफ्तार किया था. ईडी का आरोप है कि कोल स्कैम मामले के किंगपिन सूर्यकांत तिवारी के काले धन को सुनील अग्रवाल के जरिये सफेद करने और संपत्तियों में निवेश किया गया. सुनील अग्रवाल की ओर से हाईकोर्ट में पहली बार जमानत याचिका पर 15 फरवरी 2022 को सुनवाई हुई थी. स्वास्थ्य आधार पर मांगी गई जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।

# कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर शक्तिशाली कैमरा पोस्ट कर लिखा, पीएम मोदी की 100 स्मार्ट सिटी, 2 करोड़ रोजगार और काला धन ढूंढने में रहा विफल



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बस्तर के छोटे आमाबाल में भाजपा की विजय संकल्प शंखनाद रैली को संबोधित करेंगे. पीएम मोदी के दौरे से पहले की सियासी वार शुरू हो गई है. विपक्षी पार्टी कांग्रेस निशाना साधते हुए सवाल कर रही है. वहीं भाजपा कांग्रेस के आरोप पर पलटवार कर रही है. वहीं पीएम मोदी के छत्तीसगढ़ आगमन से पहले कांग्रेस का सोशल मीडिया पर वार शुरू किया है. कांग्रेस ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली कैमरे की फोटो शेयर करते हुए पीएम मोदी पर तंज कसा है. कांग्रेस ने कहा है कि इस कैमरे की मदद से धरती से ही यह अन्य ग्रहों को बहुत आसानी से ढूंढ कर दिखा सकता है. लेकिन जब इससे मोदी की 100 स्मार्ट सिटी, 2 करोड़ रोजगार सालाना के कागज़, विदेशों से काले धन की वापसी के कागज़ आदि ढूंढने की कोशिश की गई. तो यह विफल हो गया. छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा है कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा दुनिया का सबसे शक्तिशाली कैमरा बना लिया गया है. जिसका वजन 3000 किलो है व 3200 मेगा पिक्सल का कैमरा है. इसकी क्षमता का अंदाज़ा आप इस बात से लगा लीजिए की 30 किलोमीटर दूर रखी किसी गोल्फ बॉल की भी ॥ष्ठ क्वालिटी फोटो यह निकाल सकता है. धरती से ही यह अन्य ग्रहों को बहुत आसानी से ढूंढ दिखा सकता है. किंतु जब इससे मोदी जी की 100 स्मार्ट सिटी, 2 करोड़ रोज़गार सालाना के कागज़, विदेशों से काले धन की वापसी के कागज़ आदि ढूंढने की कोशिश की गई, तो यह विफल हो गया. इसलिए आएगा तो राहुल ही.

# चुनाव बहिष्कार करने ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## मतदान केंद्र नहीं खोलने और फसल बीमा से वंचित होने पर लोगों में आक्रोश



**गरियाबंद।** जिले के कोसूमकानी के ग्रामीण चुनाव बहिष्कार करने का मन बना लिया है, क्योंकि कोसूमकानी पंचायत मुख्यालय में मतदान केंद्र खोलने की उनकी मांग पूरी नहीं हुई है. सोमवार को ग्रामीणों ने एसडीएम दफ्तर पहुंचकर चुनाव बहिष्कार का लिखित ज्ञापन सौंप दिया है. वहीं फसल बीमा से वंचित होने के चलते भी ग्रामीण आक्रोशित है. बता दें कि दो दिन पहले ही ग्रामीणों ने बैठक कर आम सहमति बना कर हस्ताक्षर अभियान चलाया था। ग्राम प्रमुख घेनूराम पटेल, रमशाय हरपाल, कृष्टेराम बीसी और करनधर हरपाल ने बताया कि कोसूमकानी 1994 में ग्राम पंचायत बना, लेकिन आज भी पुरानी व्यवस्था के तहत उनके गांव के लोगों को 2 किमी दूर पैदल चलकर दहीगांव पंचायत में बने बूथ में मतदान के लिए जाना होता है. ग्रामीणों का आरोप है कि दहीगांव बूथ पर उनके साथ भेदभाव होता है. स्थानीय वोटर के मतदान कराने के बाद ही कोसूमकानी वालों की बारी आती है. कई बार रात 8 बजे तक जगने के बावजूद उन्हें मतदान से वंचित होना पड़ता है. ग्रामीणों ने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव से उनके पंचायत में मतदान केंद्र खोलने कई बार ज्ञापन प्रशासन को दिया जा चुका है. ग्रामीणों ने कहा कि इस बार वोट डालेंगे तो अपने पंचायत में बने बूथ में, नहीं तो इस चुनाव का बहिष्कार करेंगे. ग्रामीणों ने सोमवार को सौंपे जाने वाले ज्ञापन से पहले बैठक कर हस्ताक्षर अभियान चलाया था. इसमें आश्रित ग्राम उपरपीठा की भी सहमति कोसमकानी ग्रामीणों के साथ बन गई है।

### आयोग के फरमान के बाद रुक गई प्रक्रिया

वर्तमान में कोसूमकानी में 406 मतदाता है. इस पंचायत के आश्रित ग्राम उपरपीठा के 210 मतदाता डूमरबहाल के बूथ में मतदान के लिए जाते हैं. ग्रामीणों की मांग पर लोकसभा चुनाव घोषित होने से पहले तहसील स्तर पर प्रस्ताव बनाकर कोसूमकानी में बूथ बनाने की प्रक्रिया चल रही थी. इसी बीच राज्य स्तर पर आयोग ने फरमान जारी कर बगैर किसी तब्दीली के विधानसभा में बने बूथ सेटअप के आधार पर चुनाव कराने कह दिया.

### फसल बीमा से भी वंचित है, इसलिए भी आक्रोश

कोसूमकानी में 100 से ज्यादा किसान है, जिनका कृषि लोन के साथ फसल बीमा हुआ था. कम वर्षा के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ तो ग्रामीण धान नहीं बेच पाए. पटवारी के क्रॉप कटिंग और कृषि विभाग के पंचनामा के आधार पर उत्पादन प्रभावितों के दायरे में भी आ गए, लेकिन एन वक्त में फसल बीमा योजना के पोर्टल में चढ़ाए जाने वाले प्रक्रिया के समय राज्य कार्यालय से ही फसल प्रयोग का रेंडम नंबर जारी नहीं हुआ. सिस्टम की इसी खामी के कारण प्रभावितों का रिपोर्ट ऑनलाइन नहीं चढ़ा और अब फसल बीमा की राशि से भी वंचित कर दिया गया. इस बात से भी ग्रामीण आक्रोश हैं. प्रकिया के समय किसान बार-बार राजस्व दफ्तर का चक्कर लगाए, पर उन्हें बीमा की राशि अब तक नहीं मिली.

### उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगाः एसडीएम

इस मामले में देवभोग एसडीएम हितेश पिस्दा ने कहा कि जानकारी मिली है, उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा. मार्ग दर्शन लेकर इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी. वहीं देवभोग तहसीलदार सुसील भोई ने कहा कि बीमा कंपनी से बात किया गया है. पत्राचार के बाद वंचित खवासपारा के कुछ किसान को बीमा क्लेम मिलना शुरू हो गया है, जो पात्रता रखते हैं उन सभी को जरूर मिलेगा. प्रशासन स्तर पर प्रयास के लिए कोई कमी नहीं रखा गया है.

# स्वास्तिक बुक के नाम पर चल रहा आईपीएल सट्टा, कांकेर में करोड़ों का कारोबार, एसपी बोले-जांच के बाद होगी कार्यवाही

**कांकेर।** आईपीएल सीजन की शुरुआत होते ही कांकेर का सट्टा बाजार भी गर्म है. जिले में स्वस्तिक बुक नाम से ऑनलाइन सट्टा का कारोबार चल रहा है. इसके तहत स्वास्तिक बुक के नाम से आईडी बांटकर करोड़ों का दाव लगाया जा रहा है. हालांकि पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं।

इस मामले को लेकर कांकेर एसपी ने बताया कि इस मामले की जानकारी प्राप्त हुई है. स्वास्तिक के नाम से ऑनलाइन बैटिंग करने ऑनलाइन साइट और नंबर दिया जा रहा है. पूरे मामले में जांच की जा रही है. इस अवैध काम में जो भी संलिप्त है उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. जिले में सभी प्रकार के ऑनलाइन सट्टा एवं सट्टा



पट्टी खेलने व खिलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है. जो भी बैटिंग गैम्बलिंग जैसे अवैध काम कर रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाएगी।

आईपीएल को शुरू हुए 17 दिन बीत चुके हैं और कांकेर जिले में आईपीएल सट्टे से जुड़ा एक भी मामला सामने नहीं आया है. पिछले साल जहां अब तक जिले के अलग-अलग थानों में आईपीएल सट्टे के मामले बन चुके थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो पाया है. ऐसे में शहर में यह चर्चा आम हो चुकी है कि क्या कांकेर आईपीएल के सट्टे से मुक्त हो चुका है।

## बस्तर में 19 अप्रैल को मतदान, 300 से ज्यादा बूथ संवेदनशील, चप्पे-चप्पे पर जवान तैनात

**रायपुर।** नक्सलगढ़ बस्तर में लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण का मतदान 19 अप्रैल को होना है. अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया, बस्तर में 300 से ज़्यादा बूथ संवेदनशील है. यहां सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम किए गए हैं. सेंट्रल से मिले सुरक्षा जवानों के साथ छत्तीसगढ़ में तैनात जवानों को चुनाव कार्यों में लगाया गया है। उन्होंने बताया, जहां पर अनहोनी की आशंका है ऐसे 200 से ज़्यादा बूथों को शिफ़्ट किया गया है. शिफ्टिंग करते वक़्त ये ध्यान रखा गया है कि मतदाताओं को परेशानी न हो. हेली एम्बुलेंस और एयर एम्बुलेंस जगदलपुर में तैनात किया गया. तीन दिन पहले 16 अप्रैल को मतदान टीम को रवाना किया जाएगा. मतदाता परेशान न हो गर्मी को देखते हुए व्यवस्था के लिए इस बार चार गुना ज़्यादा राशि दी गई है. इस राशि के आधार पर जिला निर्वाचन अधिकारी से व्यवस्था की जानी है। क्षीरसागर ने बताया, मतदाताओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए छाया की व्यवस्था की गई है. पीने की पानी जैसे अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है. संवेदनशील क्षेत्र है, जिसे देखते हुए तैयारी पूरी कर ली गई है।

# प्रादेशिक कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा के 10 वर्ष पूर्ण, शपथ ग्रहण समारोह और सम्मेलन का हुआ आयोजन



**रायपुर।** ब्राह्मण समाज के सशक्त सर्वमान्य राष्टीय संगठन 'प्रादेशिक कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़' ने रविवार को तुलसी मंगलम भवन में 10 वर्ष पूर्ण होने पर शपथ ग्रहण और ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया. जिसमें देश और प्रदेश भर की ब्राह्मण सस्थाओं का सम्मेलन संपन्न हुआ. संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राधे गोविंद बाजपेयी, प्रदेश महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष शिव नारायण तिवारी को आचार्य उमाशंकर शर्मा ने नियक्ति पत्र दिया।

संस्था की आधारशिला रखने वाले संरक्षक और पूर्व महासचिव आलोक तिवारी ने संस्था के शैशवकाल से लेकर 10 वर्षों के सफर पर किये गए अनगिनत सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डाला. वहीं संस्था के अध्यक्ष राधे गोविंद बाजपेयी ने कहा कि समाज हित में होने वाले किसी भी कार्य में धन की बाधा नहीं आएगी. इधर कोषाध्यक्ष शिव नारायण तिवारी ने संस्था की सदस्यता पर जोर दिया. संस्था के महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने संस्था के आगामी कार्यों के बार में समाज को अवगत कराया. जिसमें उन्होंने बताया कि संस्था के द्वारा सितंबर-अक्टूबर महीने में अंतर्राष्टीय स्तर का 3 दिवसीय युवक-युवती व विधुर-विधवा, तलाकशुदा परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. संस्था के द्वारा समाज के बच्चों के लिए एक प्रदेश स्तरीय 'क्रिकेट टूर्नामेंट' आयोजित किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम में पूर्व विधायक वीरेंद्र पांडेयी, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेयी, बी.के.पांडेय, अशोक तिवारी री. एड. कलेक्टर बिलासपुर, गुरु प्रसाद तिवारी भिलाई, वंदना-मनोज शुक्ला, शकुंतला तिवारी, डॉ. आरती पांडेय, राजेन्द्र पांडेय, अजय मिश्रा, शिवा मिश्रा समेत बड़ी संख्या समाज के सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम को अपने परिश्रम प्रयासो से नरेश दीक्षित, रामशंकर पांडेय, अजय प्रसाद मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, अजीत तिवारी ने सफल बनाया. वहीं मंच संचालन रितेश अवस्थी और सतीश चंद्र मिश्र के द्वारा किया गया. अंत में संस्था ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों और मातृशक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया.



## कांग्रेस ने संवाद और संपर्क कमेटी का किया गठन, धनेंद्र साहू बने संयोजक

### रायगढ़ से पूर्व मंत्री उमेश पटेल व सारंगढ़ से पूर्व विधायक पद्मा मनहर बनीं सदस्य

**रायपुर।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद की कोशिश कर रही है. इसके लिए कांग्रेस ने संवाद और संपर्क कमेटी बनाई है. पूर्व विधायक धनेंद्र साहू इसके संयोजक बनाए गए हैं. 14 सदस्यीय इस कमेटी में पूर्व मंत्री और नेता भी शामिल हैं. कमेटी के सदस्य कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे। कमेटी में पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, सत्यनारायण शर्मा, मोहम्मद अकबर, डॉ. प्रेमसाय सिंह, जयसिंह अग्रवाल, अनिला भेड़िया, उमेश पटेल, धनेश पाटिला, गुरुमुख सिंह होरा, राजेंद्र तिवारी, शैलेष नितिन त्रिवेदी, पद्मा मनहर, आदितेश्वर शरण सिंहदेव को सदस्य बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को चुनाव होंगे और मतगणना 4 जून को होगी.



## मामूली बात बनी हत्या की वजह

# नाबालिग छात्र की पीट-पीटकर हत्या : तीन सहपाठी दोस्तों को पुलिस ने लिया हिरासत में

**रायगढ़।** मामूली बात को लेकर तीन दोस्तों ने मिलकर अपने ही एक दोस्त की लात घुसों से बेदम पिटाई करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये हुए इस मामले में तीन नाबालिग छात्रों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले की धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गणेशपुर में शनिवार को पुरानी बात को लेकर तीनों दोस्तों ने मिलकर अपने ही एक दोस्त राजकुमार टोप्पो 14 साल की लात घुसों से बेदम पिटाई कर दी। जिससे शरीर के कई हिस्सों में अंदरूनी चोट लगने की वजह से सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक राजकुमार कक्षा 8वीं का छात्र था और होली के समय उसके ही सहपाठी दोस्तों के साथ उसका विवाद हुआ था और मृतक छात्र इन तीनों छात्रों को अपशब्द कहता था जिससे क्षुब्ध होकर तीनों ने मिलकर शनिवार को उसकी बेतहाशा पिटाई कर दी। परिजनों के द्वारा मारपीट में घायल छात्र का उपचार कराया जा रहा था जहां आज छात्र की मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही धरमजयगढ़ पुलिस ने मृतक छात्र के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए नाबालिग छात्र की हत्या मामले में तीनों नाबालिगों को हिरासत में लेते हुए पूछताछ की जा रही है।

# बस्तर में गरजे पीएम मोदी, कहा - छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी सिर फोड़ने की धमकी दे रहे, इन धमकियों से डरने वाला नहीं

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ की 11 सीट में से पहले चरण में बस्तर लोकसभा सीट में 19 अप्रैल को चुनाव होना है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बस्तर के छोटे आमाबल गांव से छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय संकल्प शंखनाद रैली का आगाज किया. पीएम ने सभा को संबोधित करते हुए चरणदास महंत के सिर फोड़ने वाले बयान पर पलटवार किया है. उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के कांग्रेसी मोदी का सिर फोड़ने की धमकी दे रहे हैं. मोदी इन धमकियों से डरने वाला नहीं है. आप ही बताए गरीबों को जिन्होंने लूटा उन्हें सजा मिलनी चाहिए की नहीं, मोदी ने भ्रष्टाचार खत्म किया उन्होंने बचाने का काम किया।

पीएम मोदी ने कहा, बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप हैं. यह इलाका भाजपा के दिवंगत नेता बलिराम कश्यप और कश्यप परिवार का कहा जाता है. यहां के युवाओं को जिसने धोखा दिया है उनकी तेजी से जांच हो रही है. मैंने 3 करोड़ बहनों को लखपति बनाने का फैसला किया है. आदिवासी समाज का उत्थान करना है. 24 हजार करोड़ की पीएम जन मन योजना शुरू की गई. इससे आदिवासियों के जीवन को बेहतर बनाया जाएगा। मोदी ने कहा, मेरा लक्ष्य देश को विकसित बनाना है. यहां के पूरे परिवार को विकसित बनाना है. छत्तीसगढ़ से मेरा इतना प्यार है कि देश के कई प्रधानमंत्री से भी ज्यादा मैं यहां आया हूं. परिवार से मेरा राम-राम कहना। पीएम मोदी ने आगे कहा कि बस्तर के भाई-बहनों ने पीएम मोदी की गांरटी पर भरोसा जताया है. वहीं, कांग्रेस ने गरीबों को नजरअंदाज किया. आपने विकसित भारत की नींव मजबूत की. हमारी सरकार ने गरीबों को उनका हक दिलाया है. कांग्रेस सरकार में बीमारी की टीका आने में दशकों लग जाते थे, लेकिन मोदी सरकार में गरीबों को न सिर्फ मुफ्त वैक्सीन मिला बल्कि उन्हें मुफ्त राशन भी




मिला. कांग्रेस, भ्रष्टाचार की पहचान बन गई है।

प्रधानमंत्री ने इंडिया गठबंधन के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं कहता हूं भ्रष्टाचार से देश को बचाओ, वो (विपक्ष) कहते हैं कि भ्रष्टाचारियों को बचाओ. आज के समय विपक्षी गठबंधन चुनावी रैली नहीं कर रहे, बल्कि विपक्षी नेताओं को बचाने में जुटे हैं. उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस को लगता था कि उन्हें भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिला हुआ है. मैंने कांग्रेस की लाइसेंस ही बंद कर दी. इसलिए वो मोदी को गाली देते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैंने ठाना कि जब तक गरीब की हर चिंता दूर नहीं कर दूंगा, मैं चैन से नहीं बैठूंगा. हमारी सरकार ने गरीब के लिए एक-एक करके योजनाएं बनाई, गरीब को उनका हक दिया. सरकार के इन प्रयासों का ही नतीजा है कि देश में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में देश कहां से कहां पहुंचा है. देश ने कितनी प्रगति की है और उसमें आप सबका जो साथ मिला है, मैं उसके लिए आप सबका आभार व्यक्त करने आया हूं. आप लोगों ने यहां सिर्फ बीजेपी सरकार ही नहीं बनाई, बल्कि विकसित भारत की आधारशिला भी मजबूत की है।

## सीएम विष्णुदेव साय बोले- पीएम मोदी का बस्तरवासियों से है अटूट प्रेम



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रधानमंत्री की जमकर तारीफ की. बस्तर में आयोजित विजय संकल्प शंखनाद रैली में मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर क्षेत्र से प्रधानमंत्री को बहुत प्यार है. उन्होंने बीजापुर के 'जांगला' से ही आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी. इससे बड़े से बड़े बीमारी का इलाज प्राइवेट अस्पताल में मुफ्त में हो रहा है, सस्ते में हो रहा है। सीएम साय ने कहा, पीएम मोदी ने दंतेवाड़ा के 'जावंगा' में एजुकेशन सिटी जाकर यहां के आदिवासी बच्चों से मुलाकात और संवाद किया था. वनधन केंद्र जाकर, हमारे आदिवासी भाई-बहन लघु वनोपज का कैसे प्रसंस्करण करते हैं, कैसे संग्रह करते हैं, कैसे बेचते हैं उसको देखा. नरेंद्र मोदी एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए सबसे अधिक बस्तर का दौरा किया है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी छत्तीसगढ़ और बस्तर कई बार आए हैं. वो यह जानते हैं कि बस्तर के आदिवासी कैसा जीवन जीते हैं. जब मुख्यमंत्री साय यह बातें बोल रहे थे तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मंच पर आसीन थे. वे बस्तर लोकसभा के आमाबाल, नारायणपुर में चल रही जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि पीएम मोदी एक आदिवासी परिवार की बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाया और छत्तीसगढ़ में एक आदिवासी बेटे को मुख्यमंत्री का दायित्व देने वाले नरेंद्र मोदी ही हैं, यह केवल भाजपा में ही संभव है. उन्होंने कहा कि हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता, दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री, दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक दल के नेता नरेंद्र मोदी का बस्तर आगमन हुआ है। शंखनाद रैली में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, बस्तर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप, कांकेर लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी सहित विधायक और भाजपा के शीर्ष नेता उपस्थित थे.

## पीएम मोदी के बस्तर दौरे पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कसा तंज

### नितिन नबीन के सवाल और दिए गए बयान पर भी पलटवार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पीएम मोदी के दौरे को लेकर तंज कसा है. उन्होंने कहा है कि आज छत्तीसगढ़ में वैसे ही मौसम भी खराब है तो जुमले की बारिश बस्तर में होने वाली है. इसके साथ ही दीपक बैज ने बीजेपी लोकसभा प्रभारी नितिन नबीन के सवाल और दिए गए बयान पर भी पलटवार किया है।

झीरम घाटी पर बीजेपी लोकसभा प्रभारी नितिन नवीन के किये गए सवाल पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि झीरम घटना शुरुआत से एनआईए जांच कर रही थी, जब हमारी सरकार जांच कर रही थी तो एनआईए ने पूरा सबूत नहीं दिया. हमारी सरकार ने कई बार उनसे मांग की, बहुत से सबूत मिटा दिए गए. क्या यह एनआईए का रिपोर्ट है या फिर न्यायिक जांच की रिपोर्ट है. पहले नितिन नवीन को यह स्पष्ट करना चाहिए।

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की तैयारी पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि सिर्फ बस्तर ही क्यों 11 सीट जीतने के लिए हम काम कर रहे हैं. बस्तर भी हम जीतेंग. छत्तीसगढ़ की 11 सीट भी जीतने के लिए हम काम करेंगे।

**दीपक बैज सवाल पूछने का हक नहीं पर पलटवार-** नितिन नवीन के बयान दीपक बैज को सवाल पूछने का हक नहीं है पर दीपक बैज ने पलटवार किया है. छत्तीसगढ़ के बीजेपी प्रभारी का बयान बस्तर के हित में नहीं है. छत्तीसगढ़ के हक में नहीं है. मैं बस्तर का जनप्रतिनिधि नहीं हूं. वहां का निवासी भी हूं, बस्तर का बेटा भी हूं. मेरा हक है एक-एक सवाल में बस्तर और छत्तीसगढ़ के लिए पूछूं. क्या बीजेपी इन सवालों से भाग रही है. सिर्फ सवाल दीपक बैज का नहीं बस्तर का एक-एक मतदाता सवाल पूछ रहा है. बस्तर से आदिवासियों का हक बीजेपी क्यों छीन रही है. चाहे आरक्षण, जल जंगल जमीन या नगरनार स्टील प्लांट बेचना हो बीजेपी हमारे अधिकार को रोकने का प्रयास कर रही है. बस्तर की जनता बीजेपी को जरूर जवाब देगी.

# हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों को दिखाया बाहर का

### साढ़े 3 हजार बेरोजगार टीचर्स ने नौकरी बचाने लगाई गुहार, मंत्रियों और कई शिक्षक संघों ने किया



**रायपुर।** जान जोखिम में डाल कर पिछले 6 माह से बस्तर, सरगुजा के सुदूर बीहड़ जंगलों के प्राथमिक स्कूलों में सेवाएं दे रहे नवनियुक्त करीब साढ़े 3 हजार सहायक शिक्षक बेरोजगार होने जा रहे हैं. इनके बेरोजगार होने से आश्रित 50 हजार परिवारों के समक्ष जीवन यापन का संकट गहरा गया है. प्रशासनिक लापरवाही के परिणाम स्वरूप हाईकोर्ट ने इन शिक्षकों को 6 माह की नौकरी के बाद बाहर का रास्ता दिखा दिया है. सभी प्रभावितों ने शासन से अपनी नौकरी बचाने की गुहार लगाई है. इसी कड़ी में विभिन्न शिक्षक संघों ने भी मंत्रियों से मुलाकात और पत्राचार के माध्यम से नवनियुक्तों का समर्थन किया है।संबंधित मामले को गम्भीरता से लेते हुए महिला और बाल-विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, जगदलपुर विधायक और प्रदेश अध्यक्ष किरण देव तथा सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा सहित अन्य विधायकों ने भी पत्राचार के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इस मामले को संज्ञान में लेने के लिए निवेदन किया है.

#### समर्थन में उतरे विभिन्न शिक्षक संघ

नवनियुक्त सहायक शिक्षकों को बेरोजगार होने से बचाने के लिए विभिन्न शिक्षक संघ भी मैदान में उतर गए हैं. इनके प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुए शालेय शिक्षक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने जहां इन सहा. शिक्षकों को लेकर, वहीं छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने अपने संघ के प्रतिनिधियों को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से मुलाकात करके इनकी नौकरी बचाने की मांग की है. इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ, छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी शिक्षक संघ आदि संघों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से पत्राचार के माध्यम से नवनियुक्तों का पद सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है.

#### ये है मामला

उल्लेखनीय है कि 4 मई 2023 को डीपीआई की ओर से शिक्षकभर्ती का विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें स्पष्टतः सहायक शिक्षक के पद पर भी बीएड कोर्स को मान्य किया गया है. 10 जून 2023 को परीक्षा आयोजित की गई थी और 2 जुलाई 2023 को परीक्षा का परिणाम और मेरिट लिस्ट जारी कर दिया गया था। इसके बाद 11 अगस्त 2023 को क्वालिटी ऑफ एजुकेशन के नाम पर सुप्रीमकोर्ट की ओर से एनसीटीई के इस गजट को ही रद्द कर दिया जाता है, बीएड को प्राथमिक स्तर के लिए अमान्य ठहराया गया. इसी आधार पर हाईकोर्ट ने भी 2 अप्रैल 2024 को बीएड प्रशिक्षित नवनियुक्त सहायक शिक्षकों को 6 माह की सेवा के बाद पदमुक्त करने का आदेश जारी कर दिया है. इसके साथ ही डीपीआई की ओर से भी बाहर किए जाने की प्रक्रिया तेज कर दी जाती है।

#### एनसीटीई के नियमों, प्रकाशित गजट के अनुसार ली थी भर्ती

एनसीटीई ने 29 जून 2018 को एक गजट प्रस्तुत किया था, जिसके आधार पर बीएड कोर्स को प्राथमिक शिक्षा के लिए मान्य किया गया था. छत्तीसगढ़ के राजपत्र 2019 में भी इसे प्रकाशित किया गया था. इसी के आधार पर ही 4 मई 2023 को डीपीआई की ओर से शिक्षक भर्ती निकाली गई, जिसके अनुसार सहायक शिक्षक के पद पर बीएड धारी भी मान्य थे।

#### क्या है एनसीटीई

एनसीटीई एक ऐसी संस्था है, जो शिक्षकों की योग्यता का निर्धारण करती है. ऐसी संस्था जिसमें स्कूल शिक्षा, साक्षरता विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, एनसीईआरटी, सीबीएसई, नीति आयोग आदि प्रमुख संस्थाओं के शिक्षाविद शामिल हैं. देशभर और छत्तीसगढ़ के लाखों छात्रों ने इसी गजट के आधार पर अपनी जमापूंजी लगाकर बीएड का प्रशिक्षण प्राप्त किया.

#### साढ़े 3 हजार पद रिक्त होने पर उतने ही भरे जाएंगे


हर हाल में बीएड वालों को बाहर करने की ठान चुके डीएड धारी साढ़े हजार शिक्षकों के बाहर होने पर डेढ़ लाख डीएड वालों को फायदा मिलने की बात कर रहे हैं. जब साढ़े 3 हजार पद रिक्त होंगे तो भर्ती भी उतनी ही संख्या की होगी. साल 2019 की शिक्षक भर्ती परीक्षा में बीएड और डीएड दोनों मान्य होने के बाद भी ऊजश्वऊ (शिक्षक पात्रता परीक्षा) पास न होने की वजह से सैकड़ों पद खाली रह गए थे. इस बार केवल डीएड को लिए जाने से पुनः पद खाली रह जाने की आशंका है.

## सीजी में दूसरे चरण के मतदान के लिए मैदान में 41 उम्मीदवार

### अब तक 10 करोड़ कैश सहित 40 करोड़ 77 लाख की सामग्री जब्त

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण में भरे गए नामांकन के लिए आज नाम वापसी का अंतिम दिन था. दूसरे चरण के लिए 5 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिए हैं और 6 अभ्यर्थियों के 11 नामांकन स्क्रूटनी में अस्वीकार किए गए हैं. नाम वापसी के बाद कुल 41 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं. इसमें 38 पुरूष और 3 महिला उम्मीदवार शामिल हैं. इसकी जानकारी उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शैलाभ साहू ने दी है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शैलाभ साहू ने बताया कि आचार संहिता के दौरान प्रदेशभर में अब तक 40,77,00,000, जब्त की गई है. इसमें से 10 करोड़ 50 लाख रुपये नगद, 77 लाख रुपये की शराब, चार करोड़ 77 लाख रुपये के ड्रग्स नार्कोटिक्स, 2 करोड़ 9 लाख रुपये के सोने और चांदी के आभूषण और 22 करोड़ के अन्य उत्पाद सामग्री जब्त किया गया है. दूसरे चरण के लिए राजनांदगांव में 15, महासमुंद में 17 और कांकेर में 9 उम्मीदवारों को निर्वाचन के लिए योग्य घोषित किया गया है. उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों पर तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और 7 मई को चुनाव होंगे और मतगणना 4 जून को होगी.

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212




स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547